

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831
निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता
हिन्दी मासिक जोधपुर

# माली सैनी सन्देश

वर्ष : 16 अंक : 200 29 मार्च, 2022 मूल्य : 30/-प्रति



# ऐतिहासिक मण्डोर रावजी की 629 वीं गेर

# डॉ. महेंद्र खडगावत का भारतीय प्रशासनिक सेवा आईएएस में हुआ प्रमोशन



जयपुर। समाज गौरव सभी के प्रिय हृदय सम्राट यशस्वी ऊर्जावान, कृत्वनिष्ठ, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी राजस्थान राज्य अभिलेखागार के निदेशक डॉक्टर महेंद्र खडगावत के आईएएस पद पर प्रमोशन होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हमेशा प्रशासनिक सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों का मनोबल बढ़ाया है हमारे समाज के कोहीनूर डॉ. महेन्द्र का जन्म 2 अक्टूबर, 1967 को प्रशासनिक अधिकारी स्व. पूनमचंद खड़गावत के यहां हुआ। डॉ. महेन्द्र खड़गावत बचपन से ही प्रतिभाशाली विद्यार्थी रहे। आपने एम. ए. में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही एम.फिल करने के बाद ज्यूडिशल सिस्टम ऑफ बिकानेर स्टेट में भी सन् 2004 में पीएचडी की डिग्री हासिल की। आपने कोविड काल में हैल्पिंग हैड एप के माध्यम से आम जनता को अति आवश्यक व जरूरी सामान पहुंचाने का कार्य बखूबी किया। डॉ. महेन्द्र के अनेकों रिसर्च पैपर्स एवं लेक्चर देश विदेश में पब्लिश हुए है। राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी आपकों अनेकों बार उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया है। आप क्रिकेट के भी अच्छे खिलाड़ी रहे आप रणजी प्लेयर भी रहे और अनेकों प्रतियोगिताओं में अपने खेल से सबका मन जीता है। साथ ही खेल की अनेकों संस्थाओं में भी विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के साथ ही सफल आयोजनों में भी अपनी भागीदारी निभाई। आपके विशेष कार्यो में बीकानेर में भारत की प्रथम डिजिटल म्यूजियम की स्थापना। 1.5 करोड़ राजपूत काल के ऐतिहासिक प्रशासनिक दस्तावेजों का डिजटलिकरण करना। राजस्थान के सन् 1953 से पूर्व के 18 लाख पट्टों का डिजिटलिकरण कर वेब साईट के माध्यम से एक क्लिक पर उपलब्ध करवाना। यहीं नहीं आपने 34 लाख से अधिक ऐतिहासिक प्रशासनिक दस्तावेजों का फिल्मीकरण कर दिया है और अभी 25लाख और दस्तावेजों का कार्य किया जा रहा है। आप उत्कृष्ट प्रशासनिक अधिकारी के साथ ही कुशल वक्ता है और हर समय सभी की मदद के लिए तैयार रहते है। आपके कार्यो का संक्षिप्त उल्लेख उपरोक्त है :

**Administrative Assignment**

- Amid Covid-19 pandemic lockdown on request of district administration,
- Rajasthan State Archives launched a "helping hand" app within 24 hrs, which provided home delivery service of all essential/non essential items to general public in 2020
- Chairman, Rajasthani Bhasha, Sahitya & Sanskriti Academy, Bikaner. (from Feb-2008 to Nov 2011)
- State Coordinator, National Mission for Manuscripts, New Delhi. (From 2006 to 2011)
- Nodal Officer, Ministry of Art & Culture Department, Govt. of Rajasthan (from 2004 to 2008)
- Member of Grant Committee, National Archives of India, Delhi. (From 2005 to 2010 & 2015 to 2017)
- Member of Indian Historical Records Commission, New Delhi (from 2011 to 2016), (From 2018 till 2022)
- Executive Member of Indian Historical Records Commission, New Delhi (from 2013-16)
- Association with Professional Bodies Member of Genealogy Conservation & Promotion Academy (April 2016)
- Member of Publication Committee, Ministry of Art & Culture, Govt. of Rajasthan. (from 2004 to 2006)
- Member of Syllabus Preparing Committee of Curator & Numismatic of Rajasthan Public service commission.
- Member of Selection Panel of Recruitment by R.P.S.C, Ajmer
- Member of National Committee of Archivists.
- Member of Editing Board of Journal Khyat published by Maru Bhumi Shodh Sansthan, Dungargarh, Bikaner (Raj).
- Member of Editing Board of Journal 'Glimpse International Journal of Higher Education'.
- Ex-officio Member of Rajasthan History Congress.
- External Examiner in different Universities
- **Books/Monographs Authored & Edite**
- Role of Vijay Singh Pathik in freedom movement - 2021
- Farsi Farmano Ke Prakash Mai Mughal Kaleen Bharat evam Rajput Shasak- Vol. IV - 2018(Released by British Library, U.K., 2018)
- Role of Rajputana in the Freedom Struggle of 1857 (based on original records) - (Ed.) - 2016
- Purandhar ki Sandhi (Ed.)- 2016
- Ganga Risala - The Camel Corp - 2016
- Farsi Farmano Ke Prakash Mai Mughal Kaleen Bharat evam Rajput Shasak-Vol.III - 2015
- Farsi Farmano Ke Prakash Mai Mughal Kaleen Bharat evam Rajput Shasak-Vol.II - 2013
- Editor of Departmental Journal "Abhilekh" (From 2013)
- Editor of Jagti Jot - Rajasthani Journal.(from 08 to 11)
- Rajasthan Swadhinta Sangram Ke Sakshi Kuch Sansmaran, (Jaipur Anchal) – (Ed.)- 2011
- Farsi Farmano Ke Prakash Mai Mughal Kaleen Bharat evam Rajput Shasak- Vol.1 (Ed.) 2010, 2nd Edition, 2020
- Rajasthan Swadhinta Sangram Ke Sakshi Kuch Sansmaran, (Jodhpur Anchal) – (Ed.)- 2010
- Rajasthan Swadhinta Sangram Ke Sakshi Kuch Sansmaran, (Haroti Anchal) – (Ed.) – 2009
- Manuscript Conservation (Ed.) – 2009
- Judicial System of Bikaner State - (Under Press)
- Bikaner Legislative Assembly - (Under Press)
- Records (Pattas) of pre 1953 period and made them online. Prior to digitization searching and issuing of land records took 7-8 months and now it takes just 5 minutes for searching and one day for issuing certified copies to general public.
- Prior to digitization 100-125 Scholars visited Rajasthan State Archives for research work every year but after digitization of documents and making them available online across the globe, RSA has 300-400 Scholars researching every day on archives portal.
- Kiosk has been installed in the department for general public to search their land records free of cost.
- 34 Lac historical and administrative records have been microfilmed and 25 Lac more are scheduled to be microfilmed soon.
- Lacs of Historical and Administrative records of princely state have been preserved along with maps.
- Work of Translation of 327 Mughal period Farmans from Persian to Hindi and Devnagri (which were written by the then Mughal emperor to Rajputana rulers) has been completed and published in our volumes (I-IV) of special edition "Farsi Farmano Ke Prakash Mai Mughal Kaleen Bharat evam Rajput Shashak".
- Invited by the University of Pennsylvania in 2017 for presentation on DIGITAL ARCHIVES. Also invited by University of Exeter and British Library in 2018.
- Organized 6 National Seminars and two International Seminar Cum Workshop in Collaboration with University of Exeter, UK.
- 20 books based on original Archival sources had been published and edited (List enclosed).
- Impressive Archival record keeping system.
- Revenue system for land record.
- Editor of Journal "Abhilekh".

## संपादक की कलम से...

# संघर्ष करने वाले की ही जीत होती है ...

पैसा नाम सुनकर सबके चेहरे पर खुशी दौड़ जाती है। अगर मिल जाये तो होश उड़ जाते हैं। यदि इसी बीच अगर कोई दो पैसों को कमाने के लिए पत्थर तोड़ने के लिए कह दे तो पसीना आ जाता है। मगर इसकी लीला ऐसी है कि इसके बिना रहा भी नहीं जाता। ता उम्र इसे पाने के लिए हम हाड़ तोड़ मेहनत करते हैं पर यह है कि हाथ इतना ही आता है कि जिदंगी बसर हो सकें। कुछ लोग ऐसे होते है कि वे इतना अधिक धन कमा लेते हैं कि उनकी सात पुश्तें आराम से खा सकें। लेकिन आने वाली पीढ़ी ने मेहनत नहीं की तो वो कब तक चलेगा। एक तरफ तो होती है धन की बारिश तो दूसरी तरफ गरीबी का समंदर । कहते है कि बादल तो समंदर से ही बनते हैं। गरीबी किसी को भी अच्छी नहीं लगती। दुनिया के बड़े से बड़े विचारक यही साचतें है कि इंसान खुश और अमीर कैसे रह सकता है।

इसके कई नुस्खें है, यदि उस पर अमल किया जाये तो कुछ भी संभव हो सकता हैं। वैसे तो प्रत्येक मनुष्य में बहुत सारी खासियत होती है लेकिन वो कैसे उपयोग करता है।

**सपनें :** सबसे गरीब व्यक्ति वो नहीं है, जिसके पास संपति नहीं हैं, बल्कि ऐसा व्यक्ति होता है जिसके पास कोई सपना इच्छा व प्रयास नहीं है। अवसर यही सोचते है कि कैसे भी अमीर बन जायें पर उसके लिये ना कोई प्रयास करते हैं ना ही कुछ करने की सोचते हैं। सिर्फ सोचते हैं तो ख्याली पुलाव, जिसके सच होने की कभी संभावना नहीं।

**विचार व संघर्ष :** अमीर बनने का काम जितना मुश्किल नहीं हैं उससे जयादा मुश्किल है यह सोचना कि हम अमीर भी हो सकते है। मुश्किलों की संख्या और अपनी संघर्ष क्षमता दोनों के तोलने में हमेशा मुश्किल भारी लगती है। पर संघर्ष करने वाले की ही जीत होती है, जो मुश्किल समय में घबराते नहीं, डटे रहते हैं। आखिरकार उन्हीं की जीत होती है, और वे शिखर तक पहुंच जाते हैं, अपने सपने साकार कर लेते हैं, लक्ष्य प्राप्त कर लेते हैं।

**बदलाव :** आपने महसूस किया होगा कि आप दुनिया को नहीं बदल सकते। यहां तक कि आप अपने बेटे बेटियों परिवार व दोस्तों को भी प्रयास करने के बावजूद भी नहीं बदल सकते। इसलिये अपने आपको ही बदलने का फैसला कर लें। इससे आप वह सब हासिल कर लेंगे जिसे आप हमेशा से पाना चाहते हैं। यह आवश्यक नहीं कि हर समस्या का हल हो, हर किसी के पास कोई ना कोई समस्या होती है। कोई भी जीवन समस्या से मुक्त नहीं है। लेकिन समस्या को सकारात्मक तरीके से व्यवस्थित किया जा सकता है। हमेशा अच्छा सोचो तो तकलीफ कम होगी।

जो लोग खुद में, ईश्वर में और ईश्वर द्वारा, गुरूजनों द्वारा किये गये विचारों में आस्था रखते हैं वे कभी पूरी तरह असफल नहीं होते। अगर आपको यह विश्वास है कि आप ईमानदारी और पूरी निष्ठा के साथ काम कर रहे हैं तो अवश्य ही आपको सफलता मिलेगी।



मनीष गहलोत
संपादक

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

# मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लांच किया माली समाज की राष्ट्रीय जनगणना एप

**एप से समाज के सभी वर्गों के लिए विशेष डिस्कांउट एवं पहचान हेतु प्रिवलेज कार्ड भी बनेगें ऑनलाईन साथ ही पूरे देश के सभी व्यवसायियों एवं समाजबंधुओं की डायरेक्टरी भी एक क्लिक पर होगी उपलब्ध**







जयपुर। माली सैनी समाज सेवा संस्थान द्वारा माली समाज की राष्ट्रीय महाजनगणना ऐप की लॉचिंग आज मुख्यमंत्री निवास पर अशोक गहलोत के द्वारा की गई। इस अवसर पर अशोक गहलोत ने जनगणना ऐप के माध्यम से देश भर के समाज की जनगणना के कार्य हेतु माली सैनी समाज सेवा संस्थान परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि इससे समाज की सामाजिक आर्थिक और शैक्षणिक जानकारियो को प्राप्त कर हम उसका उपयोग सामाजिक जन जाग्रति हेतु कर सकते है।

संस्थान के अध्यक्ष मनीष गहलोत ने एप की जानकारी देते हुए कहा कि आज हमारे समाज की देशव्यापी जनसंख्या की कोई तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध नहीं है और न ही हमारे पास सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक आकड़े उपलब्ध है। इसी कमी को दूर करने के लिए हमनें समाज के एप के माध्यम से राष्ट्रव्यापी जनगणना करने का निर्णय लिया है। हमारे इस एप में जनगणना के साथ ही अनेकों अन्य फीचर्स को भी जोड़ा गया है। देशव्यापी महा जनगणना के माध्यम से सामाजिक मास्टर डेटाबेस का निर्माण होगा। इसमें परिवार के मुखिया और उनके माता-पिता मुखिया की पत्नी अैर उनके माता-पिता की जानकारी के अलावा, मुखिया के भाई-बहन, पुत्र-पुत्री उम्र, व्यवसाय, गोत्र, शिक्षा एवं एड्रेस की जानकारी होगी जो कि एक फॉर्म के फॉर्मेट के रूप में हागी इसको मोबाइल के माध्यम से भरना होगा। यानि की प्रत्येक परिवार का फैमिली ट्री बनेगा। इसमें उस परिवार की सभी जानकारी समाज के सभी वर्गों के लिए उपयोगी साबित होगी।

माली सैनी समाज के प्रत्येक सदस्य को एप के माध्यम से ऑनलाईन बननें वाले माली सैनी प्रिवलेज कार्ड विशाल डेटाबेस के आधार पर हम समाज के सभी वर्गों को विभिन्न कंपनियों, व्यवसासियों से कलेक्टिव बल्क बार्गेन कर डिस्काउंट उपलब्ध करवायेगें। साथ ही एप में सामाजिक प्रबु)जनों का जीवन परिचय, सामाजिक पत्रिका, समाज के सभी व्यवसायियों, उद्योगपतियों की विस्तृत जानकारी की बिजनेस डायरेक्टरी भी उपलब्ध होगी जिसके माध्यम से विशेष डिस्काउण्ट ओर समाज के युवा वर्ग को रोजगार दिलाने का प्रयास किया जाएगा। एप में समाज की देश के विभिन्न जिलों में बनी समाज धर्मशालाओं भवनों की जानकारी एड्रेस, फोन नंबर के साथ उपलब्ध होगी। यहीं नहीं इस एप के माध्यम से समाज के सभी वर्गो को सामाजिक न्यूज एवं कार्यक्रमों की जानकारियां भी प्रदान की जाएगी।

इसमें हमें समाज के सभी व्यक्तियों के बारे में डायरेक्टरी के माध्यम से विस्तृत जानकारी भी मिलेगी जिससे अगर हमें किसी शहर में कहीं किसी प्रकार की तकलीफ हो तो इस एप के माध्यम से आस पास में रहने वाले समाज बंधुओं के संपर्क सूत्र और उनके एड्रेस की जानकारी प्राप्त कर सहायता प्राप्त कर सकते है। साथ ही इसमें उपलब्ध मेप के माध्यम से सामाजिक व्यक्तियों के मोबाइल नंबर भी प्राप्त कर सकते है।

एप को समाज के वरिष्ठ आई. टी. एक्सपर्ट एस. एच. टेक्नोसाफ्ट के हेमसिंह गहलोत ने अल्प समय में तैयार किया है। इस अवसर पर युवा समाजसेवी पंकज सांखला, योगाचार्य श्याम भाटी, युवा राजनेता एडवोकेट विमलेश गहलोत, समाजसेवी अर्जुन सिंह गहलोत, उद्योगपति प्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर सेण्ड स्टॉन एसोसियेशन के संरक्षक विरेन्द्र सिंह कच्छवाह, सीएम अशोक गहलोत के मीडिया प्रभारी जुगल गहलोत के साथ पर्यावरण प्रेमी नरेंद्र गहलोत भी उपस्थित थे।

# नागौर में होने वाले सामूहिक विवाह आयोजन में 140 जोड़ो का हुआ रजिस्ट्रेशन



सैनिक क्षत्रिय माली समाज सामूहिक विवाह तैयारियां प्रारंभ



8 अप्रेल, 2022 समाज के छात्रावास का भी होगा उद्घाटन

नागौर। सैनिक क्षत्रिय माली संस्थान , नागौर की ओर से आयोजित होने वाले तृतीय सामूहिक विवाह के निमित्त तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है । रामनवमी 10 अप्रैल रविवार को होने वाले इस विशाल व भव्य तृतीय सामूहिक विवाह के निमित्त व्यापक रूप से तैयारियां प्रारंभ की गई है । संस्थान कार्यकारिणी सदस्य धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि इसके तहत संस्थान द्वारा निमंत्रण पत्र का मुद्रण का कार्य पूर्ण कर लिया गया । संस्थान के पदाधिकारियों व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में निमंत्रण पत्र प्रथम पूज्य देव गजानंदजी महाराज को समर्पित किया गया तथा इस सामूहिक विवाह को निर्विघ्न संपन्न करने के लिए प्रार्थना की गई तथा आशीर्वाद लिया गया । मुंदियाड़ स्थित गजानंदजी महाराज व नागौर के किले में स्थित गढ़ गणेशजी को इस विवाह के तहत प्रथम रूप से निमंत्रित किया गया तथा पूजन अर्चन किया गया। पदाधिकारियों द्वारा संत शिरोमणि श्रीलिखमीदासजी महाराज स्मारक व देव मंदिर अमरपुरा में भी दर्शन किए। साथ ही शिवबाड़ी स्थित महादेव मंदिर व नगर सेठ बंसीवाला मंदिर में भी इस तृतीय सामूहिक विवाह के निमित्त पूजन अर्चन किया गया तथा प्रसाद चढ़ाया गया।

इस अवसर पर संस्थान अध्यक्ष रामस्वरूप पंवार, उपाध्यक्ष रामजस भाटी, सह सचिव देवकिशन भाटी, कार्यकारिणी सदस्य इंद्रचंद कच्छावाह, मुरारी सांखला, राजेंद्र पंवार, रामेश्वर पंवार, अर्जुनराम के नेतृत्व में यह मांगलिक कार्य किया गया। इस अवसर पर कानाराम टाक, नथमल गहलोत, मिस्त्री बलदेव राम कच्छावाह, सुगन चंद गहलोत, संत शिरोमणि श्रीलिखमीदासजी महाराज स्मारक विकास संस्थान अमरपुरा नागौर के कोषाध्यक्ष कमल भाटी, रामविलास सांखला, ओम प्रकाश सांखला जयपुर के शीशराम सैनी व रवि कच्छावाह भी उपस्थित थे। तृतीय सामूहिक विवाह के साथ ही शुक्रवार 8 अप्रैल को सैनिक क्षत्रिय माली समाज, नागौर द्वारा नवनिर्मित छात्रावास भवन का भी लोकार्पण वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों व शिक्षाविदों की गरिमामय उपस्थिति में होगा ।

### ऐतिहासिक, भव्य व विशाल होगा तृतीय सामूहिक विवाह

सैनिक क्षत्रिय माली समाज , नागौर का सामूहिक विवाह रामनवमी को

सैनिक क्षत्रिय माली समाज , नागौर द्वारा आयोजित तृतीय सामूहिक विवाह रामनवमी 10 अप्रैल रविवार को होगा । इस तृतीय सामूहिक विवाह को ऐतिहासिक , भव्य व विशाल आयोजन के रूप में आयोजित करने के निमित्त तैयारियां प्रारंभ हो गई है । इस तृतीय सामूहिक विवाह में 140 से अधिक जोड़ों का पंजीकरण किया जा चुका है जिसे इसे नागौर जिला मुख्यालय पर अब तक का विशाल सामूहिक विवाह के कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया जाएगा । रविवार रामनवमी 10 अप्रैल को होने वाले इस आयोजन के निमित्त नागौर जिले सहित बीकानेर, जोधपुर पाली सहित अन्य जिले के वर-वधू को भी अवसर प्रदान किया गया है । इस बार यह कार्यक्रम चार दिवसीय होना संभावित है । इसी के साथ ही 8 अप्रैल शुक्रवार को सैनिक क्षत्रिय माली समाज, नागौर के नवनिर्मित छात्रावास के लोकार्पण से संबंधित विधि-विधान व मांगलिक कार्यक्रम भी प्रारंभ होंगे । साथ ही छात्रावास निर्माण में अर्थ सहयोग करने वाले भामाशाहों का सम्मान समारोह भी आयोजित होगा । सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार 9 अप्रैल को सभी जोड़ों का घृतपान का कार्यक्रम संस्थान परिसर हनुमान बाग, चौनार रोड पर होगा जिसका समय दोपहर 12.15 बजे रखा गया है। इसी प्रकार इसके पश्चात विनायक पूजा अर्चन का कार्यक्रम दोपहर 2.15 बजे होगा ।

राजस्थानी लोक संस्कृति व लोक नृत्य को बढ़ावा देने के निमित्त समाज द्वारा होली के अवसर पर आयोजित होने वाला प्रसिद्ध डांडिया- गेर नृत्य भी रखा गया है। सायं 7.15 बजे से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में समाज के हैदराबाद, सिकंदराबाद सहित अनेक स्थानों के प्रवासी समाज बंधु भी बड़े ही उल्लास व प्रसन्नता के साथ शामिल होंगे ।

रामनवमी को प्रात: दुल्हों की सामूहिक निकासी सवेरे 9.15 बजे होगी ।

यह निकासी माली संस्थान परिसर से होते हुए चेनार के विभिन्न मौहल्लों से होती हुई राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चौनार के समीप स्थित विवाह स्थल पर पहुंचेगी। इसमें सभी वधूओं को भी सामूहिक रूप से बसों के द्वारा एक साथ विवाह स्थल पर आमंत्रित किया जाएगा। इसी स्थल पर प्रात: 11 बजे के बाद सामूहिक प्रीतिभोज का कार्यक्रम रखा गया है। सामाजिक कार्यकर्ता रूद्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में यज्ञ व सप्तपदी के कार्यक्रम संपन्न होंगे। इसी स्थल पर अतिथि व भामाशाह सम्मान समारोह भी होगा। शुभ लग्न के अनुसार 140 से अधिक जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार रखा गया है ।

## मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भी इस आयोजन हेतु निमंत्रण दिया गया, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत सहित अनेक जनप्रतिनिधि होंगे शामिल :

नागौर सैनिक क्षत्रिय माली समाज तृतीय सामूहिक विवाह का निमंत्रण राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को दिया गया और नवनिर्मित छात्रावास का उद्घाटन के लिए पधारने के लिए निवेदन किया गया। माली संस्थान अध्यक्ष रामस्वरूप पंवार के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल द्वारा जयपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास पर जाकर यह निमंत्रण दिया गया । मुख्यमंत्री द्वारा इस संबंध में प्रतिनिधिमंडल को संस्थान छात्रावास लोकार्पण एवं तृतीय सामूहिक विवाह के निमित्त आने का आश्वासन दिया । प्रतिनिधिमंडल में मांगीलाल भाटी पूर्व सभापति नगर परिषद नागौर, सामाजिक कार्यकर्ता हीरालाल भाटी , दिनेश देवड़ा गांधी दर्शन समिति जिला सह संयोजक, कमल भाटी कोषाध्यक्ष अमरपुरा धाम, मनीष कच्छावाह पार्षद शामिल थे । संत शक्ति के पावन सान्निध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्थान द्वारा राज्यसभा सांसद व संत शिरोमणि श्री लिखमीदासजी महाराज समाज स्मारक विकास संस्थान, अमरपुरा के अध्यक्ष राजेंद्र गहलोत को भी मंचस्थ अतिथि के रूप में पधारने का आग्रह किया गया। सामूहिक विवाह आयोजन समिति द्वारा जैतारण विधायक अविनाश गहलोत , उत्कर्ष शिक्षण संस्थान, जोधपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निर्मल गहलोत, राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह सोलंकी, सुनील परिहार सहित अनेक जनप्रतिनिधियों व शिक्षाविदों को भी इस कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया जायेगा ।

### सामूहिक विवाह आयोजन हेतु किया गया भूमि पूजन :

सैनिक क्षत्रिय माली संस्थान , नागौर के तत्वावधान में रविवार रामनवमी के पवित्र अवसर 10 अप्रैल को होने वाले तृतीय सामूहिक विवाह के निमित्त भूमि पूजन किया गया । संस्थान अध्यक्ष रामस्वरूप पंवार के सान्निध्य में यह भूमि पूजन धार्मिक अनुष्ठान व विधि विधान द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष रामजस भाटी , सहसचिव देवकिशन भाटी, कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र पंवार, इन्द्रचंद कच्छावाह, रामेश्वर पंवार, रामकिशोर सोलंकी, अर्जुन राम कच्छावाह, रामबगस सांखला, रामपाल कच्छावाह सहित नथमल गहलोत, दौलत भाटी, संत शिरोमणि श्रीलिखमीदासजी महाराज स्मारक विकास संस्थान, अमरपुरा के कोषाध्यक्ष कमल भाटी, लोकेश टाक, कंदोई पदमाराम पंवार , मेघराज पंवार, भागचंद कच्छावाह, बस्तीराम कच्छावाह, चंपालाल भाटी, हनुमान भाटी, मंछाराम सांखला व मूलाराम भी उपस्थित थे। भूमि पूजन में सामाजिक कार्यकर्ता रुद्र कुमार शर्मा ने पदाधिकारियों के कर कमलों से विधि-विधान व मंत्रोचार के माध्यम से भूमि पूजन करवाया तथा रसोई भट्टी का कार्य प्रारंभ किया । इसी के साथ ही विशाल व भव्य तृतीय सामूहिक विवाह समारोह के निमित्त पांडाल व डोम लगाने का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया ।

### भाटी परिवार बाईसर होंगे भोजन प्रसाद के लाभार्थी :

इस तृतीय सामूहिक विवाह समारोह में 140 जोड़े दांपत्य बंधन में बधेंगे । इस विशाल विवाह समारोह के निमित्त हैदराबाद प्रवासी व बाईसर, ताऊसर के मूल निवासी भाटी परिवार भोजन प्रसादी के लाभार्थी होंगे। भामाशाह बंशीलाल भाटी, राम बल्लभ मामा सेठ व उनके अनुज बलदेव राम भाटी सहित भाटी परिवार ने भोजन प्रसाद के भामाशाह के रूप में अपनी स्वीकृति प्रदान की है ।







# सामाजिक एकता से ही समाज की उन्नति – राजेन्द्र गहलोत

## माली समाज पंचायत संस्थान, उदयपुर का स्थापना दिवस और सम्मान समारोह आयोजित













उदयपुर 27 फरवरी।ह्रमाली समाज पंचायत संस्थान का सोलवा स्थापना दिवस और सम्मान समारोह रविवारह्र को शहर के चित्रकूट नगर स्थित संस्थान के निर्माणाधीन भवन पर आयोजित किया गया, जयप्रकाश माली ने बताया की सम्मान समारोह में समाज की 50 से अधिक समाजजनों को भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत ने समाज को मजबूत करने के लिए शिक्षा को बढ़ावा देने का आव्हान किया। उन्होंने कहा की सामाजिक एकता से ही समाज की उन्नति होती है, सभी माली समाज को एकजुट होकर सामाजिक विकास के लिए सदैव तैयार रहना चाहिये। रीको के स्वतंत्र निदेशक सुनील परिहार ने कहां कि शिक्षा के बिना समाज अधूरा है। खासकर बालिका शिक्षा को बढ़ाया जाए। महात्मा ज्योतिबा फुले संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोतीलाल सांखला ने समाज के निर्माणाधीन भवन को लेकर खुशी व्यक्त की उन्होंने मंच से आव्हान किया और ज्योतिबा फुले ओर सावित्री देवी फुले को भारत रत्न देने की मांग की साथ ही राज्य सरकार से अन्य राज्यों की तर्ज पर ज्योतिबा फुले ओर सावित्री देवी फुले जयंती पर राजकीय अवकाश की मांग की उन्होंने समाज के सभी वर्गो को एक साथ जुड़कर सामाजिक एकता को बढ़ाने का संदेश दिया।

प्रदेशाध्यक्ष अनुभव चंदेल ने कहा कि समाज में राजनीति संगठन हो, समाज में नहीं हो। कार्यक्रम को पंचायत अध्यक्ष कैलाश धोलासिया, भरत तलाच, भूपेंद्र चौहान, जयप्रकाश माली ने संबोधित किया इस अवसर पर पूर्व पार्षद दिनेश माली, रेवाशंकर माली, हेमन्त चौहान, शंकरलाल असावरा, देवीलाल असावरा, बाबूलाल माली, जितेंद्र माली, भेरुलाल पांडिया, जितेंद्र माली, गोपाल माली सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। भामाशाह तेजराम असावरा को विशेष योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया।

समारोह में समाज के भामाशाहों ने भवन के निर्माण के लिए 15 लाख से अधिक के आर्थिक सहयोग की घोषणा की गई।

बनेगा संभाग के सबसे बड़ा छात्रावास –माली समाज का चित्रकूट नगर में निर्माणाधीन छात्रावास् संभाग का समाज का सबसे बड़ा छात्रावास होगा 7 हजार फीट के भूखण्ड पर चार मंजिला इमारत का निर्माण किया जाएगा जिसमें समाज के शैक्षणिक, सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

# अजमेर में 15वां माली सैनी समाज का दो जोड़ों का सामुहिक विवाह सम्मेलन संपन्न






अजमेर। जिला माली (सैनी) सामुहिक विवाह समिति (रजि) अजमेर के तत्वावधान मे माली (सैनी) समाज का 15 वाँ सामुहिक विवाह सम्मेलन गुरुवार फुलेरा दूज 04 मार्च 2022 को सम्पन्न हुआ। सामुहिक विवाह सम्मेलन सामुदायिक भवन,धर्मतलाई, गड्डी मालियान, अजमेर मे हुआ।

सामुहिक विवाह सम्मेलन मे मुख्य अतिथि त्रिलोक चन्द्र इन्दोरा, अध्यक्षता कन्हैयालाल दग्दी, कार्यक्रम संयोजक चेतन सैनी ने किया। सम्मानित अतिथिगण मे महापौर ब्रजलता हाडा, पूर्व महापौर धर्मेद्र गहलोत, पुनमचन्द मारोठिया, राजेश भाटी, पालाराम सैनी, सुरेश गढवाल, महेश चौहान, शारदा मालाकार, सुनीता चौहान, भावना चौहान, संतोष मोर्य, पुष्पा सैनी पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शशिबाला सोंलकी ने शिरकत की।

गाजेबाजे के साथ बारात रायल्स रिसोर्ट, नारी शाला रोड से सुबह 10.00 से प्रस्थान किया। समाजबंधुओं ने रास्ते मे जगह-जगह फुलों से स्वागत किया, आईस्क्रीम, शर्बत पिलाकर बारात का अभिवादन किया। सामुदायिक भवन गड्डी मे बारात का स्वागत-12.05 बजे किया गया, तोरण की रस्म 12.15 पर, दुल्हा-दुल्हन की वरमाला का कार्यक्रम 12.45 हुआ। प्रख्यात पडितों द्वारा पाणिग्रहण संस्कार 02.30 सभास्थल पर ही हुआ। इसके बाद समिति के पधाधिकारी व अतिथि द्वारा आशिर्वाद समारोह एंव विदाई 04.00 बजे किया गया।

सभी वक्ताओं ने फिजूलखर्ची रोकने, दहेज प्रथा, बालविवाह व अन्य कुरीतियों को दुर करने के लिए अपने-अपने बच्चों का विवाह सामुहिक विवाह सम्मेलन मे करने पर जोर दिया। इससे श्रम, बचत, अपव्यय की बचत होती हैं।

समाज के दो जोड़ों मे चि.रवि इन्दोरा के संग सौ.कां.ज्योति साखंला ओर चि.राहुल सुईवाल संग सौ.कां.कोमल सैनी को हजारों समाजबंधुओं का आर्शिवाद प्राप्त किया। सभी जोडो को 'कन्या भ्रूण हत्या' नहीं करने की शपथ दिलवायी गई। इस अवसर पर नेमीचंद बबेरवाल का कोरोना काल मे शमशान मे की सेवाओं के लिए सम्मानित भी किया गया।

समस्त कार्यक्रम राजस्थान सरकार की प्रशासनिक गाईड लाईन की पालना करते हुये किया जायेगा। धर्मेन्द्र गहलोत ने सम्मेलन मे पधारने पर सभी का धन्यवाद व आभार प्रेषित किया।

अध्यक्ष धीसू गढवाल ने कहा कि 'कोरोना महामारी के कारण इस बार जोड़े कम आये क्योंकि शादी-ब्याह मे 50 आदमियों के इक्ट्ठा होने की गाईड लाईन मे शादीयां अपने घर पर ही कर सूक्ष्म रूप विवाह बधंन मे बंध गये लेकिन सामुहिक विवाह सम्मेलन समिति की विचारधारा आज भी जिदां हैं।'

अजमेर सामुहिक विवाह सम्मेलन समिति ने 1992 मे पहला सम्मेलन किया ओर अब तक लगभग 650 जोड़ों का सामुहिक विवाह सम्मेलन मे विवाह सम्पन्न करवा चुकी हैं। कार्यक्रम मे सुगनचन्द उबाना, सुरेंद्र चौहान, मुरलीधर चौहान, बिसन साखंला, नौरत कच्छावा, प्रदीप कच्छावा, पुनमचन्द चौहान, यशोदा नदंन चौहान, बाबूलाल साखला, श्यामलाल तंवर, ओमप्रकाश चौहान, भगवान भाटी, पदमचन्द गहलोत, ओम तुनवाल, मदनलाल कच्छावा, राजकिशोर सांखला, ओमनारायण पालरिया,गोरधन सिह चौहान, चन्द्र शेखर मौर्य, करण सिह, अमरचंद गहलोत, विजयसिंह गहलोत, दिलावर चौहान, रजनीश चौहान, बालमुकुंद टांक, धर्मेन्द्र टांक, शंकर टांक, सुरेंद्र गढवाल, आकाश तंवर, मनोरमा परिहार, निशा, मनोहर बबेरवाल, रानु सांखला, माया चौहान, पुनम तंवर, डिम्पल मोर्य इत्यादि उपस्थित थे।

# खैरगांव में ज्योतिबा फुले, माता सावित्री फुले एवं स्वर्गीय लिखीराम कावरे की प्रतिमा का अनावरण मंत्री कावरे ने किया

खैरगांव (मप्र)। मध्य प्रदेश शासन के आयुष मंत्री श्री राम किशोर कावरे आज 12 मार्च को ग्राम खैरगांव में महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्री फुले की मूर्ति के अनावरण व स्व. लिखीराम कावरे की मूर्ति का अनावरण के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए । इस कार्यक्रम में धनीराम नागेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष मरार माली समाज, सालिकराम पांचे सर्कल अध्यक्ष मरार माली समाज, उदय सिंह पंचेश्वर वरिष्ठ समाज सेवी, प्रकाश पांचे पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मगर माली समाज बालाघाट, पेंडारी पांचे अध्यक्ष सार्वजनिक मरार माली समाज खैरगांव, ओमप्रकाश पांचे, रामेश्वर पांचे, मनोज खरे, सेवक राम पांचे, न्याय समिति अध्यक्ष मरार माली समाज बालाघाट एवं सभी ग्रामीण मौजूद रहे।

कार्यक्रम में ग्राम खैरगांव के निवासी श्री रामलाल पांचे की पुत्री कुमारी दिव्या पांचे ने 12वीं क्लास में 82 प्रतिशत अंक लेकर गांव वअपने माता पिता का नाम रोशन किया है, मरार माली समाज की ओर से इस बालिका को 5 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई एवं मंत्री कावरे ने उसे 10 हजार रुपये की राशि स्वेच्छानुदान देने की घोषणा की और मरार माली समाज मे 10 हजार रुपये की राशि स्वेच्छानुदान से देने की घोषणा की।

मंत्री कावरे ने इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि घर का जो मुखिया होता है उसकी पूरी जवाबदारी होती है कि घर को कैसे संचालित करे। ऐसी ही जवाबदारी का निर्वाहन करने के लिए मुझे आयुष मंत्री बनाया गया है। समाज मे पढ़ लिख कर यहां तक आया हूं। समाज के लिए हर व्यक्ति का फर्ज होता है । हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। मैं राजनीति में काम करता हूं, इसलिये सब लोगो का ध्यान रखना मेरी जिम्मेदारी है । मैं सबका साथ सबका विश्वास लेकर काम करूंगा तो आगे बढूंगा। आप सब लोगो को साथ लेकर चलूंगा।

आज हमने जिस व्यक्ति की मूर्ति का अनावरण किये है उनके कारण समाज के लोगो को पहचान मिली है वह स्व. श्री लिखीराम कावरे है। आज हम सब अपने समाज के उस व्यक्ति को जिसने हमारे समाज मे काम किया है नमन करते हैं। महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले को हम महापुरुष कहते है और इसलिए कहते है कि उन्होंने अपना जीवन समाज के लिए अर्पण किया और हमारी मातृशक्ति की चिंता की। आज हम सब लोगों को और मातृशक्ति को पढ़ने का अधिकार मिला है वो सिर्फ








महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्री फुले के कारण मिला है। ज्योतिबा फुले माता सावित्रीबाई फुले को शिक्षिका नहीं बनाते तो यह अधिकार हम सब को नहीं मिलता । इसलिए हम उनकी पूजा करते हैं उनको माल्यार्पण करते हैं। इसलिए हमने स्वर्गीय लिखीराम की मूर्ति का अनावरण किया है। जिन्होंने हमारे समाज की भोपाल दिल्ली तक पहचान बनाई है। हम सब समाज के हित के लिए काम करे समाज के काम मे हमेशा तत्पर रहे, हमको समाज की प्रतिष्ठा बनाये रखना है । हमने संस्कार नही सीखा तो हमारी पढ़ाई व्यर्थ है। इस अवसर पर अनेकों सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारीगण एवं समाज के सभी वर्गो ने महात्मा फुले दम्पति के साथ ही लिखीराम कावरे की मूर्ति पर माल्यार्पण पुष्पाजंलि अर्पित कर उनके दिखाए मार्ग पर चलने का प्रण लिया।



## गंगोह का शोभित सैनी जुटा है भारतीय छात्रों की घर वापसी में

युक्रेन में छात्र यूनियन का अध्यक्ष होने के नाते गंगोह के धानवा का छात्र शोभित सैनी अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह कर रहा है। और वहां फंसे भारतीय छात्रों को भारत भेजने में जुटा है। शनिवार को 480 छात्र भारत के लिए रवाना हुए है। जनपद सहारनपुर के ग्राम धानवा निवासी शोभित सैनी यूक्रेन बिको विनियन यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस फाईनल का छात्र है। पिता डा.राधेश्याम सैनी के अनुसार शोभित अपनी यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट इंडियन सोसायटी का अध्यक्ष हैं। जिसमें 1072 छात्र भारतीय है। जिन्हें वह पहले भिजवाने की व्यवस्था में लगा हुआ। 480 छात्र आज इंडिया के लिए रवाना हो गये है। शेष छात्र भी जल्द ही इंडिया के लिए रवाना होंगे। शोभित ने बताया कि बिको विनियन यूनिवर्सिटी से रोमानिया 25 किमी दूर है। जहां आने के लिए बसों पर तिरंगा झंडा लगाकर उन्हें आर्मी की सुरक्षा में रोमानिया भेजा जा रहा है।

**माली सेना अजमेर मे आयोजित प्रदेश स्तरीय MPL-7 अजमेर टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन**

# अजमेर कृष्णा क्लब को हराकर ब्यावर के बाबा रामदेव क्लब ने जीता फाइनल

अजमेर । माली सेना अजमेर के तत्वावधान मे 28 फरवरी से 06 मार्च तक सात दिनों तक चली टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में 16 टीमों ने भाग लिया। प्रदेश स्तरीय डच्स- 7 अजमेर टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाईनल डी. आर. एम. ऑफिस, जी.एल.ओ. ग्राउंड, अजमेर पर रविवार, दिनाकं 6 मार्च, 22 को दोपहर 2.00 बजे से कृष्णा क्लब तोपदड़ा अजमेर और बाबा रामदेव क्लब ब्यावर के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें बाबा रामदेव क्लब ब्यावर ने 98 रनो से जीता। ब्यावर के ओपनर ने रोहित सैनी ने नाबाद 102 रन बनाये, और मैन ऑफ दी मेच भी रहे। विशिष्ट अतिथियों द्वारा फाइनल मेच में टॉस उछाला गया जिसमें अजमेर कृष्णा क्लब ने टॉस जीत पहले गेदबाजी का फैंसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते ब्यावर के बाबा रामदेव क्लब ने तीन विकेट पर 211 रन बनाये। जबाब मे अजमेर कृष्णा क्लब,तोपदडा ने 113 रन ही बना सकी। फाईनल मे बाबा रामदेव क्लब,ब्यावर की पुरी टीम को माला पहना कर 15,000/- हजार नकद राशि, ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र दिया। उपविजेता टीम अजमेर की कृष्णा क्लब, तोपदड़ा को भी माला पहनाकर 6,100/- नगद राशि, मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के सभी मैचों मे की गई अम्पायरिगं के लिए पैनल को भी मोमेंटो व प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि में भामाशाह त्रिलोक चन्द इंदोरा, राजस्थान माली महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष नवीन कच्छावाह, यतीश सतरावला, शशी महावर, हरिसिंह गढवाल, अशोक टांक, कन्हैया लाल चौहान, डॉ.भुपेन्द्र कटारिया, हनिश मारोठिया, शारदा मालाकार, संतोष मोर्य, रानू साखला, पूर्व सभापति ब्यावर शशिबाला सोंलकी उपस्थित थे।

प्रदीप कुमार कच्छावा ने बताया कि इस तरह के आयोजन कराने मुख्य उद्देश्य अलग अलग क्लबों मे बंटे युवाओं को आपस मे जोडना उनमें भाईचारा बढाना, उनका उत्साह बढाना, आगे बढने के लिऐ मंच तैयार करना हैं। क्रिकेट के प्रति बढती लोकप्रियता को भुनाकर समाज मे एकता का भाव लाना हैं। अच्छा प्रदर्शन करने वाले समाज के खिलाड़ियों का हौसला व उत्साह बढाने के साथ-साथ स्टेट व राष्ट्रीय लेवल पर खेलने का अवसर मिलता हैं। फाईनल मैच के दौरान संयोजक बालकिशन कच्छावा ने सभी अतिथियों व आगन्तुकों को 51 धार्मिक ग्रन्थ 'भागवत गीता' सप्रेम भेंट की ओर सभी से रोज 'भागवत गीता' पढ़ने ओर परिवार को भी पढ़ने की आदत बनाने का आव्हान किया।

कार्यक्रम आयोजन में अध्यक्ष राजकुमार भाटी, उपाध्यक्ष हेमेन्द सिगोदिया, संयोजक हेमराज खारोलिया, बालकिशन कच्छावा, विष्णु कच्छावा, प्रदीप कच्छावा, महासचिव प्रदीप चौहान, माली सेना महिला अध्यक्ष बबीता चौहान, मनोज भाटी, जितेंद्र भाटी, यतीश माली, चन्द्र शेखर मोर्य, पुनम तंवर, रमेशचंद्र उबाना, गजेन्द्रसिंह मोर्य, गणेश टांक, राजेश चौहान, श्यामसुन्दर पंवार, विरेन्द्र चौहान इत्यादि उपस्थित थे। ब्यावर से भी किशन देवडा, दिनेश भाटी, पार्षद मोतीलाल सांखला उपस्थिती देकर ब्यावर टीम का उत्साह बढाया।






### कृषि वैज्ञानिक एवं इंटरनेशनल ट्रेनर

# राजेश सैनी अंतराष्ट्रीय संत कबीर पुरस्कार व अंतराष्ट्रीय कृषि अवार्ड से सम्मानित





जयपुर। कृषि वैज्ञानिक एवं इंटरनेशनल ट्रेनर राजेश कुमार सैनी को कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों में अपने बहुमूल्य योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय संत कबीर पुरस्कार, स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह का आयोजन संविधान क्लब नई दिल्ली में 20 मार्च को सतगुरु कबीर साहेब का 504 वां महापरिनिर्वाण महोत्सव का आयोजन में जिसमें बड़ी खाटू कस्बे के सतगुरु कबीर आश्रम के संस्थापक व पूर्व केन्द्रीय टी बोर्ड सदस्य संत डॉ नानक दास महाराज सदगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान बड़ी खाटू व टी बोर्ड इण्डिया भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन सविधान क्लब दिल्ली में संपन्न हुआ और इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री कृषि एवं किसान कल्याण कैलाश चौधरी, राज्यसभा सांसद रामकुमार वर्मा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सी आर चौधरी, महामहिम न्यायधीश न्यायमूर्ति शिवकुमार ढींगरा , मुम्बई प्रवासी भामाशाह शंकरलाल कुलरिया, आचार्य पंकज कृष्ण महाराज योग साधना केन्द्र नई दिल्ली, पद्म श्री हिताराम भांभू, केन्द्रीय पशुधन बोर्ड सदस्य मोनिका अरोड़ा, डॉ.परिन सोमानी बहु-अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कार्यक्रम में लोगों को संबोधित किया।

उल्लेखनीय है कि सैनी कृषि विशेषज्ञ एवं इंटरनेशनल ट्रेनर है साथ ही पूर्व में अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण योद्धा पुरस्कार, बलीराजा कृषि अवार्ड, राष्ट्रीय कृषि गौरव पुरस्कार, किसान वैज्ञानिक पुरस्कार, आई ए डी सी 2020 धरतीपुत्र सम्मान पुरस्कार एवं शेखावाटी गौरव पुरस्कार से सम्मानित हैं। सैनी देश विदेश नीदरलैंड, बेल्जियम, ऑस्ट्रिया, नेपाल, अफगानिस्तान इत्यादि देशों की यात्रा कर चुके हैं । सैनी लंबे अरसे से कृषि, हाईटेक खेती बागवानी वृक्षारोपण, पर्यावरण, पत्रकारिता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। सैनी पर्यावरण एवं कृषि संबंधित पत्र पत्रिकाएं, समाचार पत्रों आकाशवाणी, सामुदायिक रेडियो, दूरदर्शन एवं सोशल मीडिया से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं । सैनी शेखावाटी क्षेत्र के नवलगढ़ कस्बे के रहने वाले हैं स किसान वर्ग में काफी लोकप्रिय हैं ।



**सैनी के कार्यक्रम का खेती री बाता मे आकाशवाणी से हुआ प्रसारण**

नवलगढ़। राजेश कुमार सैनी (हरितगृह विशेषज्ञ एवं इंटरनेशनल ट्रेंनर) का आकाशवाणी केंद्र जयपुर से खेती री बाता कार्यक्रम के अंतर्गत विषय ग्रीन हाउस की खेती लाभ देती परिचर्चा का प्रसारण हुआ। सैनी ने इस कार्यक्रम में ग्रीन हाउस के महत्व एवं इस होने वाली सब्जियों एवं कट फ्लावर की खेती, नर्सरी, से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी और युवाओं को इसे स्वरोजगार के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। सैनी पिछले 25 वर्षो से कृषि क्षेत्र में किसानों का मार्गदर्शन कर रहे हैं देश विदेश का दौरा कर चुके हैं। पूर्व में सैनी अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण योद्धा, खुशी गौरव पुरस्कार, किसान वैज्ञानिक पुरस्कार एवं अन्य पुरस्कारो से भी सम्मानित हो चुके हैं। देश विदेशों की यात्राएं भी कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि सैनी शेखावाटी क्षेत्र के नवलगढ़ कस्बे के रहने वाले हैं।

**राजेश सैनी अंतरराष्ट्रीय कृषि अवार्ड से सम्मानित**

नवलगढ़। आदित्य फाउंडेशन द्वारा विनोबा भावे की कर्म स्थली वर्धा में अंतर्राष्ट्रीय सम्मान एवं विश्व महिला दिवस सम्मान समारोह का आजादी के 75 वाँ वर्ष अमृत महोत्सव के काल में 13 मार्च को आयोजित किया गया। श्री रामदास तडस जी सांसद वर्धा मुख्य अतिथि थे। इस अंतर्राष्ट्रीय समारोह मे राजेश कुमार सैनी को बलि राजा कृषि अवार्ड उनको कृषि बागवानी एवं पत्रकारिता में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर आदित्य फाउंडेशन द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय अवार्ड समारोह में दर्जनो देश विदेश की उत्कृष्ट प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया।

उक्त अवसर पर सौहार्द शिरोमणि डॉ. अर्चना पाठ्या ने कहा कि देश विदेश में अपने अपनी विशिष्ट विधाओं से आम जन को लाभ पहुँचाने वाले कर्मयोगियों को सम्मानित कर आदित्य फाउंडेशन परिवार स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

हम सभी युवा कृषि वैज्ञानिक को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की मंगलकामना करते है।

# होली पर रावजी की गेर ने मचाई धूम



जोधपुर। मारवाड़ को परपरानुसार प्रतिवर्ष होली के दिन निकलने वाली रावजी की गेर धूलड़ी को मंडोर में धूमधाम से निकाली गई। इस गेर को देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। गेर के दौरान कई क्षेत्रों से लोग गेर लेकर आए। होली की विठोली और चंग की थाप पर गेरियों ने जमकर श्लील गापन से आसपास के क्षेत्र को गंगानमान कर दिया। राव राजा के नाम पर नवविवाहित युवक हिमांशु गहलोत पर सर्व सहमति के बाद उसे विधिवत आशीर्वाद प्रदान कर रवाना किया गया। गेर में आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत, राजस्थान पशुधन बोर्ड के अध्यक्ष राजेंद्र सोलंकी, महापौर कुंती देवड़ा, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक चौधरी, जेएनवीयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष सुनील चौधरी व एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष दिलीप चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की।

वैसे तो देश के अलग-अलग इलाकों की होली प्रसिद्ध है चाहे फिर यो वृन्दावन, मधुरा या फिर राजस्थान को लट्टमार होली हो लेकिन प्रदेश की धार्मिक व सांस्कृतिक राजधानी कहे जाने वाले जोधपुर शहर के मंडोर इलाके में दशकों से चली जा रही माली समाज की रावजी की गेर का क्रेज आज भी लोगों में देखने को मिलता है। बता दे कि यह गैर करीब 628 साल से चली आ रही है और इस साल 629वीं रावजी की गेर थी। इसमें खास बात यह है कि इस गैर में परिवार की दोनों पीड़ियो एक साथ दोल की थाप पर पैरों में घुघरू व हाथ में हॉकी-हंडे के साथ अश्लील गायन करते नजर आते है। इस गेर में अश्लील गायन के कारण गेर महिलाओं का प्रवेश वर्जित होता है। मारवाड़ की सबसे प्रमुख राबजी की गेर में प्रति वर्ष हजारों लोग बड़े उत्साह के साथ भाग लेते है। यह गेर मंडोर में निकाली जाती है। गेर में शामिल अधिकांश युवा हाथों में लाठी-डंडे आदि थामे रहते है। होली के अवसर पर दोपहर रावजी की गेर धूमधाम से निकाली गई। मंडावता बेरा मंदिर चौक से पूजा अर्चना कर रावजी की गेर रवाना होकर खोखरिया बेरा पहुंची। यहां पर समाज के वरिष्ठ लोगों की ओर से मेह मिलन कार्यक्रम हुआ। गेर भियाली बेरा, गोपी का बेरा, बड़ा बेरा, आमली चेरा होते हुए फतेहबाग बेरा मंदिर पहुंची। यहां खोखरिया बेरा की गेर से बुजुर्गो की ओर से नवविवाहित युवा का चयन कर उसे राव राजा बनाया गया। देवभोग बुधरी का प्रसाद चढ़ाने के बाद रावाजी की गेर अपने निर्धारित गंतव्य मंडोर उद्यान में स्थित नाग कंड रवाना हो गई। चयनित राव राजा को रंग-बिरंगे परिधानों और लता-पताओं से सुसज्जित कर उसके इर्द-गिर्द पंग की भाप पर गेर की टोलियां नृत्य गीत गाते हुए साथ चली। इस दौरान फूलबाग बेरा, नागौरी बेरा, मंडोर बेरा, पदाला बेरा की गेर भी रावजी की गेर में शामिल हुई। करीब आठ बेरा क्षेत्र के हजारों गेरिए शामिल हुए। हजारों की तादाद में गेरिये होली की धुनों पर थिरकते हुए मड़ोर पहुंचे। यहां बने कुंड में गेरियों ने जमकर होली खेलने के साथ चंग की थाप पर थिरके। पुलिस का माकूल बंदोबस्त भी यहां देखा गया। इस तालाब पर पहुंच सबसे पहले राव ने पानी में छलांग लगाई। इसके साथ ही अन्य युवक भी पानी में कूद पड़े। सभी के सान करने के बाद यह गेर विसर्जित हो गई।

# शीतलामाता मन्दिर में ध्वजारोहण व पूजन के साथ कागा मेला शुरू





जोधपुर। श्री शीतला माता (कागा-तीर्थ) ट्रस्ट की ओर से कागा तीर्थ में गुरुवार को झंडारोहण के साथ मेला शुरू हुआ। राजेन्द्र सोलंकी, कुंती देवड़ा परिहार, जसवंत सिंह कच्छवाह सहित अनेकों प्रबुद्धजनों के मुख्य आतिथ्य में आयोजन का शुभारंभ हुआ।

अध्यक्ष निर्मल कच्छवाह ने बताया कि मंदिर में हर दो घंटे में पुजारी बदलेंगे। शुक्रवार को अष्टमी पर मेला भरेगा और घरों व मंदिरों में शीतला माता का पूजन कर ठंडे का भोग लगाया जाएगा। इस दिन घरों में गरम पकवान नहीं बनेगा। मंदिर में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से गेर के रूप में चंग लेकर गेरिये आएंगे और माताजी के दर्शन करेंगे।

इस बार पर्यावरण संरक्षण और पॉलीथिन मुक्त मेले की थीम पर मंदिर में कागज या कपड़े की थैली में ही भक्तों को प्रसाद लेकर आना होगा। यहां पर माताजी के दर्शन के साथ ही भक्त अचपड़ा यानी चेचक की बीमारी से मुक्ति, उत्तम स्वास्थ्य व रोग मुक्ति की कामना करेंगे। गुरुवार को घरों में पारंपरिक कैरसांगरी, कुमटिया, सोगरा, करबा, चावल, कढ़ी, रायता, दही बड़ा, गुंजा सहित विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजन बनाए गए। इनका भोग घरों में परिंडे या मंदिर में माताजी की प्रति ति उकेरकर लगाया जाएगा। मान्यता है कि शीतला सप्तमी के दिन राज परिवार में राज परिवार सदस्य का निधन हो गया था, इसलिए इस दिन यहां पर शीतला सप्तमी की बजाय शीतला अष्टमी के दिन शीतला माता का पूजन होता है।

# शैक्षिक जगत के पुरोधा उत्कर्ष के फाउण्डर निर्मल गहलोत ने किये अमरपुरा मन्दिर दर्शन

## विभिन्न संगठनों से की चर्चा शैक्षिक नवाचारों पर किया मार्गदर्शन

नागौर। उत्कर्ष शिक्षण संस्थान , जोधपुर के संस्थापक व सीईओ, शिक्षाविद , भामाशाह निर्मल गहलोत एक दिन के प्रवास पर नागौर आए। प्रवास पर गहलोत ने अमरपुरा स्थित संत शिरोमणि लिखमीदास जी महाराज स्मारक व देव मंदिर के दर्शन के साथ-साथ बड़ली स्थित गोविंदरामजी महाराज की समाधि के भी दर्शन किए तथा आशीर्वाद प्राप्त किया।


